प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को आमंत्रित किया जाएगा , दिग्गज उद्योगपतियों का लगेगा जमावड़ा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी फरवरी में करने की तैयारी

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

लखनऊ, विशेष संवाददाता। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के बाद योगी सरकार फरवरी महीने में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कराने जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को खास तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। आयोजन में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। आयोजन की तारीखें जल्द तय होंगी। इस मेगा आयोजन के लिए यूपी सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इस मेगा इवेंट को कराने के लिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी का चयन करने के लिए टेंडर मांगें गए हैं। इसी महीने इस कंपनी का चयन हो जाएगा। यह कंपनी ही इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिन के इस पूरे आयोजन को कराएगी।

असल में सरकार के पास वक्त कम है। मार्च अप्रैल में लोकसभा चुनाव होने हैं। फरवरी में विधानमंडल का बजट सत्र भी होना है। सूत्रों के मुताबिक अधिक से अधिक भूमि पूजन लायक अधिक से अधिक परियोजनाओं को इसमें शामिल किया जाएगा। गत वर्ष हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न विभागों के 33.50 लाख करोड़ रुपये के 19 हजार एमओयू साइन हुए थे। बाद में इनकी संख्या बढ़कर 38 लाख करोड़ हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास विभाग को 15 लाख करोड़ की परियोजनाओं को तैयार करने को कहा है जिससे भूमि पूजन के बाद पर उन पर काम शुरू हो जाए। माना जा रहा है कि अभी एक महीने से ज्यादा वक्त में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लक्ष्य 10 लाख करोड़ से और ज्यादा हो सकता है। इसमें सौर ऊर्जा, आईटी, खाद्य प्रसंस्करण समेत कई सेक्टर से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास

19 हजार एमओयू गत वर्ष हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए थे

38 लाख करोड़ के एमओयू अब तक हो चुके हैं

बड़े उद्योगपति आएंगे

तारीखें तय होते ही उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जाएगा। कई केंद्रीय मंत्रियों व विदेशी निवेशकों के आने की भी उम्मीद है। प्रदर्शनी के लिए 300 फिट गुणे 100 फिट का जर्मन हैंगर लगाया जाएगा।।

योगी ने 8 को बुलाई बैठक

मुख्यमंत्री योगीने 8 जनवरी को यूपी को वन ट्रिलियन डालर इकनॉमी बनाने के लिए विभागवार हुए कामों की समीक्षा करेंगे। माना जा रहा है सीएम इसमें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के बाबत भी निर्देश दे सकते हैं।

कताई मिल के दो अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर होगी

कलंक के खिलाफ

- संयुक्त आयुक्त की रिपोर्ट पर मंत्री ने दी स्वीकृति
- अनियमितता एवं गबन का है मामला

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सहकारी कताई मिल संघ लिमिटेड कानपुर में तैनात सचिव/महाप्रबंधक के पद पर तैनात वीके मिश्रा और एनके मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एवं एसआईटी की जांच किए जाने का आदेश दिया है। दोनों ही अधिकारियों पर शासकीय धन का दुरूपयोग किए जाने एवं गबन किए जाने का आरोप है। संयुक्त आयुक्त की रिपोर्ट को संस्तुति प्रदान करते हुए मंत्री नन्दी ने यह कार्रवाई की है।

सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर में तैनात सचिव व महाप्रबंधक वीके मिश्रा, एनके मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ अनियमितताओं के साथ ही रिश्वत लिए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ से की गई थी।

मंत्री नंदी ने दिए आदेश

जांच रिपोर्ट पर मंत्री नन्दी ने दोनों अधिकारी बीके मिश्रा व एनके मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एवं एसआईटी जांच कराए जाने का आदेश जारी किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की मनमानी, अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।